झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार प्रबंध पर्षद की बैठक में विस्थापितों को सुविधाएं देने और युवाओं को रोजगार से जोड़ने को लेकर लिए गए कई फैसले

झरिया पुनर्वास में आएगी तेजी, युवाओं को मिलेगा मौका

- बैठक में कई योजनाओं को मिली हरी झंडी, डीसी ने कहा - देरी अब बर्दाश्त नहीं
- बेलगड़िया टाउनशिप में बढ़ेगी कौशल केंद्र व छात्रावास की क्षमता
- तीनों फेज में लगेंगी एलईडी स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा और आवागमन होगा बेहतर


झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार प्रबंध पर्षद की बैठक में शामिल डीसी, बीसीसीएल सीएमडी मनोज अग्रवाल व अन्य अधिकारी।

धनबाद, विशेष संवाददाता। झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार प्रबंध पर्षद की शनिवार को आयोजित बैठक में विस्थापित परिवारों को बेहतर सुविधाएं देने और युवाओं को रोजगार से जोड़ने को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में नागरिक सुविधाओं के विस्तार, कौशल संवर्धन और विकासात्मक कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा हुई और आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान की गईं।

बैठक में निविदा स्वीकृति एवं कार्य आवंटन, कौशल विकास केंद्र एवं छात्रावास की क्षमता में विस्तार, विभिन्न ट्रेड्स में मोबिलाइजेशन, घटनोत्तर प्रशासनिक स्वीकृति तथा बेलगड़िया टाउनशिप में एलईडी स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन जैसे मुद्दों पर विचार किया गया। बेलगड़िया टाउनशिप में संचालित आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण केंद्र और छात्रावास की स्वीकृत प्रवेश क्षमता को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इससे अधिक से अधिक विस्थापित युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण का लाभ मिल सकेगा। विभिन्न तकनीकी एवं रोजगारपरक ट्रेड्स में युवाओं को प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को कहा गया कि प्रशिक्षण ऐसा हो, जिससे युवा सीधे रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ सकें इसके अलावा बेलगड़िया टाउनशिप के फेज-एक, फेज-दो एवं फेज-तीन में सुगम आवागमन व बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से एलईडी स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य को स्वीकृति दी गई। इससे रात में आवागमन सुरक्षित होगा और टाउनशिप में रोशनी की व्यवस्था बेहतर होगी।

बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आदित्य रंजन ने की। मौके पर बीसीसीएल सीएमडी मनोज अग्रवाल, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, अपर समाहर्ता प्रदीप कुमार शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बरंगे, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खालको सहित झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के अधिकारी उपस्थित रहे।

समयसीमा में काम पूरा करने का निर्देश : बैठक में डीसी ने योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत एवं लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द शुरू कर निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुनर्वास से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मूलभूत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी

डीसी ने निर्देश दिया कि बेलगड़िया टाउनशिप में रह रहे परिवारों को सभी मूलभूत नागरिक सुविधाएं ससमय उपलब्ध कराई जाएं तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार व रोजगार के अवसरों से प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जाए।

कोयला खनन प्रभावित क्षेत्र में 12 हजार पौधे लगाएगी बीसीसीएल


पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत करते सीएमडी मनोज अग्रवाल।

धनबाद, विशेष संवाददाता। खनन क्षेत्रों में पारिस्थितिकीय तंत्र के पुनर्स्थापन, भूमि पुनरुद्धार और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में झरिया मास्टर प्लान के तहत शनिवार को बड़ी पहल हुई। बीसीसीएल एवं फॉरेस्ट्स बाय हार्टफुलनेस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पीबी क्षेत्र के गोपालीचक हिंदी भवन परिसर में पौधरोपण अभियान शुरू किया गया। बीसीसीएल सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया।

सीएमडी ने कहा कि कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन एवं कोल इंडिया के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह अभियान अग्नि प्रभावित झरिया क्षेत्र सहित खनन प्रभावित क्षेत्रों में पारिस्थितिकीय संतुलन की पुनर्स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। खनन से प्रभावित क्षेत्रों में हरित आवरण का विस्तार, भूमि का पुनरुद्धार और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का पुनर्विकास सतत विकास के लिए जरूरी है। सामुदायिक सहभागिता आधारित वृक्षारोपण से पर्यावरणीय गुणवत्ता में सुधार, जैव विविधता के संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन में मदद मिलेगी। इस अवसर पर निदेशक राजेश कुमार, आनंद मोहन, महाप्रबंधक अरविंद कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिंह सहित फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

10 एकड़ पर होगा पौधरोपण : अभियान के प्रथम चरण में पीबी एवं बस्ताकोला क्षेत्रों की 10 एकड़ से अधिक खनन प्रभावित एवं अनुपयोगी भूमि पर 12 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य है। बेल, सिरिस, सप्तपर्णी, सीताफल, कटहल, नीम, पलाश, अमलतास, शीशम, पीपल, महुआ, आम, मौलश्री, शहतूत, हरसिंगार, आंवला, अमरूद, चंदन, कुसुम, जामुन, इमली, अर्जुन, बहेड़ा, बेर एवं महोगनी जैसी प्रजातियों का रोपण किया जा रहा है।

विकास योजनाओं की रफ्तार सुस्त तेजी लाने पर जोर

धनबाद। जिले में विकास योजनाओं की गति सुस्त है। डीसी आदित्य रंजन ने शनिवार को जिला विकास शाखा के कर्मचारियों एवं डीएमएफटी पीएमयू के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में डीएमएफटी, सीएसआर एवं अनटाइड फंड के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान चल रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं लंबित योजनाओं की समीक्षा करते हुए धीमी गति से चल रहे कार्यों पर डीसी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को कार्यों में तेजी लाने तथा सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्यों की नियमित एवं प्रभावी निगरानी के लिए विभिन्न टीमों का गठन करने का निर्देश दिया गया। गठित टीमें स्थल पर जाकर संचालित योजनाओं का निरीक्षण करेंगी तथा कार्यों की वास्तविक प्रगति एवं गुणवत्ता की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी।

खनिजों की खोज में केंद्र व राज्यों में समन्वय पर जोर

कोल इंडिया

- कोयला मंत्री ने राज्यों के खान मंत्रियों के साथ रोडमैप पर विमर्श किया
- प्रमुख मुद्दों पर सुझाव मांगे और चुनौतियों की जानकारी ली

धनबाद, विशेष संवाददाता। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने महत्वपूर्ण खनिजों की बढ़ती मांग को देखते हुए खनिज खोज में तेजी लाने के लिए केंद्र और राज्यों के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने खनन के माध्यम से राज्यों के राजस्व में वृद्धि, खान नियोजन में सुधार और प्रभावी खान परिसमापन प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

खनन मंत्रियों के चौथे सम्मेलन में यह बात रेड्डी ने कही। देश के विभिन्न राज्यों के खान मंत्रियों के साथ खनिजों की खोज संबंधी रोडमैप पर भी विचार विमर्श किया गया। राज्यों के प्रतिनिधियों से भी प्रमुख मुद्दों पर सुझाव मांगे एवं चुनौतियों की जानकारी ली गई। खनन क्षेत्र के लिए गोवा में आयोजित खान मंत्रियों का सम्मेलन कई मायने में महत्वपूर्ण है। खनन पहलों में तेजी लाने और देश की खनिज आत्मनिर्भरता में योगदान देने के लिए राज्यों के सामूहिक प्रयासों के महत्व पर सबसे ज्यादा मंथन किया गया। खान सचिव ने कहा कि राज्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों और सुझावों पर ध्यान दिया गया है। बेहतर समन्वय और समय पर समाधान के माध्यम से चुनौतियों, विशेष रूप से देरी और प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। केंद्र-राज्य सहयोग को मजबूत करने, प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने और विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप भारत के खनन क्षेत्र के विकास में तेजी लाने के रोडमैप पर विशेष बात हुई। खनिज ब्लॉक के संचालन में हो रही देरी पर भी चिंता प्रकट की गई एवं संबंधित राज्यों से त्वरित कार्रवाई पर सकारात्मक चर्चा हुई।

शहर 30s


पुराना बाजार कार्यालय में शनिवार को हुई बैठक में जिला कमेटी के सदस्य।

भाकपा माले ने क्रांति दिवस मनाया

धनबाद। भाकपा माले धनबाद जिला कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को टेंपल रोड पुराना बाजार कार्यालय में नवंबर क्रांति दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला सचिव बिंदा पासवान ने की। उन्होंने नवंबर क्रांति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि समाजवादी व्यवस्था समाज को जोड़ती है, जबकि पूंजीवादी व्यवस्था समाज को तोड़ती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा गठबंधन सरकार तानाशाही रवैया जबरन जनता पर थोप रही है। कार्यक्रम में राज्य कमेटी सदस्य आनंद मयपाल, सुभाष चटर्जी, सुवास प्रसाद सिंह, विजय कुमार पासवान, राणा चटराज, राजेंद्र पासवान, कल्याण घोषाल, विश्वजीत राय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


शनिवार को आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित वक्ता समेत अन्य।

नवंबर क्रांति की वर्षगांठ पर माकपा की संगोष्ठी

धनबाद। नवंबर क्रांति की 109वीं वर्षगांठ पर शनिवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की ओर से प्रेमचंद नगर धनबाद में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता जिला सचिव विकास कुमार ठाकुर ने की। मुख्य वक्ता डॉ केएन चटर्जी ने कहा कि आज पूंजीवादी देशों में पूंजीवादी संकट से पैदा हो रहे जन आक्रोश और आंदोलनों के संदर्भ में 7 नवंबर 1917 की प्रथम समाजवादी क्रांति से सबक लेने की जरूरत है। वित्तीय पूंजी के साम्राज्यवादी दौर में अनेक जन आंदोलनों ने साबित किया है कि साम्राज्यवादी पूंजीवाद गहरे संकट से गुजर रहा है। सीटू के जिला सचिव रामकृष्ण पासवान समेत अन्य ने संबोधित किया। मौके पर स्वपन मांजी, देवाशीष वैद्य, रवि सिंह, शिबू राय मौजूद थे।

फफूंद लगी मिठाइयां बेचने की एसडीओ से शिकायत

धनबाद। भूईफोड़ मंदिर के पास शनिवार को एक दुकान से खरीदी गई मिठाइयों में फफूंद होने का आरोप लगाया गया है। हीरापुर निवासी ने एसडीओ से इसकी लिखित शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने सात नवंबर की सुबह संबंधित दुकान से एक प्रतिष्ठित ब्रांड की मिठाई का पैकेट खरीदा था। घर पहुंचकर जब पैकेट खोला, तो उसमें रखी मिठाइयों पर हरी और काली फफूंद जमी हुई थी।

सहजानंद नगर में चार घंटे बिजली गुल रही

धनबाद। सहजानंद नगर सहित आसपास क्षेत्र में रह रहे लोगों को चार घंटे बिजली संकट का सामना करना पड़ा। शनिवार को दोपहर एक बजे बिजली गई, जो पांच बजे के बाद लौटी। विभाग के अभियंता का कहना है कि क्षेत्र के एक ट्रांसफॉर्मर में छोटी सा खराबी आ गई थी।

बीसीसीएल निदेशकों में विभागों का बंटवारा

धनबाद, विशेष संवाददाता। बीसीसीएल में मुख्यालय के विभिन्न विभागों और एरिया का निदेशकों के बीच नए सिरे से प्रभार वितरण किया गया है।

सीएमपीडीआईएल के निदेशक (टेक्निकल) आनंद मोहन ने 6 नवंबर को बीसीसीएल के निदेशक (टेक्निकल) का अतिरिक्त प्रभार संभाला। उन्हें निदेशक (टेक्निकल) पीएंडपी का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नए आदेश के अनुसार निदेशक (टेक्निकल, ओपी) संजय कुमार सिंह को सात एरिया और नौ मुख्यालय विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। उनके अधीन वेस्टर्न झरिया, पुटकी बलिहारी, कुसुंडा, बस्ताकोला, लोदना, ईस्टर्न झरिया तथा सीडब्ल्यूओ एवं वाशरियां रहेंगी। मुख्यालय में उत्खनन, एस्टेट, यूजी एवं साइडिंग, ईएंडएम, वाशरी कंस्ट्रक्शन, मैटेरियल मैनेजमेंट, सेंट्रल सर्वे, झरिया एक्शन प्लान और क्वालिटी कंट्रोल का प्रभार रहेगा। आनंद मोहन को बरोरा, ब्लॉक-2, गोविंदपुर, कतरास, सिजुआ और सीवी एरिया मिले हैं। निदेशक (वित्त) राजेश कुमार को निदेशक (एचआर) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

कांग्रेस और आईएमए भवन को कब्जे में लेने की तैयारी में जिला परिषद

- एलसी रोड स्थित कांग्रेस और आईएमए भवन 15 साल से पड़े हैं बंद
- शर्त उल्लंघन मिला तो खाली कराकर कब्जे में लेगी जिला परिषद



धनबाद, संवाददाता। जिला परिषद अब अपनी संपत्तियों को लेकर सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। एलसी रोड स्थित कांग्रेस भवन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) भवन को जिला परिषद अपने कब्जे में लेने की दिशा में पहल कर रहा है। दोनों भवन पिछले करीब 15 वर्षों से बंद पड़े हैं।

लंबे समय से उपयोग नहीं होने के कारण अब जिला परिषद इन भवनों के आवंटन और दस्तावेजों की जांच कराएगा। जांच के दौरान यह भी देखा जाएगा कि भवनों का आवंटन किस आधार पर किया गया था और वर्तमान में इनके उपयोग की क्या स्थिति है। दरअसल, जिला परिषद अपनी जमीन और भवनों का बेहतर प्रबंधन कर आय बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। इसी कड़ी में वर्षों से बंद पड़ी संपत्तियों को लेकर समीक्षा शुरू की जा रही है।

मई में हुई जिला परिषद की बैठक में कांग्रेस भवन और आईएमए भवन को दोबारा खोलने और उनके उपयोग को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई थी। जिला परिषद की ओर से पहले दोनों भवनों से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जाएगी। इसमें पूर्व आवंटन, आवंटन की शर्तें और भवनों के उपयोग से संबंधित पहलुओं को खंगाला जाएगा। यदि जांच में आवंटन की शर्तों का उल्लंघन या लंबे समय से अनुपयोगी रहने की बात सामने आती है तो भवनों को खाली कराने और अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई की जा सकती है।

मंईयां सम्मान व सर्वजन पेंशन की राशि जारी

- 3.30 लाख मईया के खाते में गए 82.66 करोड़ रुपये
- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है उद्देश्य : डीसी

धनबाद, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत अक्तूबर में धनबाद जिले के कुल 3,30,653 लाभुकों को सम्मान राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेज दी गई है।

डीसी आदित्य रंजन ने बताया कि इसमें कुल 82 करोड़ 66 लाख 32 हजार 500 रुपये की राशि अंतरित की गई है। सितंबर महीने की राशि का भी भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके तहत लाभुक महिलाओं को हर माह 2500 रुपये की सम्मान राशि दी जाती है। वहीं मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत धनबाद में नवंबर के लिए पेंशन राशि के भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने जिले के कुल 1,98,382 योग्य लाभुकों को कुल 41 करोड़ 66 लाख 28 हजार रुपये हस्तांतरित किए हैं।

400 आउटसोर्सिंग कर्मियों को वेतन और बोनस नहीं

एसएनएमएमसीएच

- अधीक्षक से मिलकर जताई आर्थिक परेशानी
- उधार लेकर मनाना पड़ा त्योहार, बिगड़ा बजट

धनबाद, संवाददाता। दीपावली पर जहां हर घर में खुशियों के दीप जल रहे थे, वहीं धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के करीब 400 आउटसोर्सिंग कर्मियों के घरों में त्योहार की रौनक फीकी रही। इन कर्मियों को दीपावली पर बोनस मिलना तो दूर, समय पर वेतन तक नहीं मिला। भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों के सामने परिवार का खर्च चलाने और त्योहार की जरूरतें पूरी करने का संकट खड़ा हो गया।

अस्पताल में एजेंसी कर्मचारी शनिवार को भी वेतन और बोनस मिलने की उम्मीद में इंतजार करते रहे। दिनभर भुगतान नहीं होने पर निराश कर्मचारियों ने अस्पताल अधीक्षक डॉ डीके गिंदोरिया से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी आर्थिक परेशानियों से अवगत कराते हुए बकाया वेतन और दीपावली बोनस का जल्द भुगतान कराने की मांग की।

कर्मचारियों का कहना है कि वे अस्पताल की व्यवस्था सुचारू रखने के लिए नियमित रूप से अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। इसके बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलने से उनका घरेलू बजट बिगड़ गया है। दीपावली जैसे बड़े त्योहार पर भी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। कई कर्मचारियों को उधार लेकर त्योहार मनाने और घर की जरूरतें पूरी करने की मजबूरी बनी। अब कर्मचारियों को भुगतान होने का इंतजार है।

SBI भारतीय स्टेट बैंक
परिसर एवं संपदा विभाग, स्थानीय प्रधान कार्यालय
आठवीं मंजिल, गांधी मैदान, पटना-800001
ईमेल : agmpe.lhopat@sbi.co.in

निविदा संख्या–LHOPAT/EMP/2026/11/01 दिनांक : 07.11.2026

भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के भौगोलिक क्षेत्र के अंतर्गत ठेकेदारों का पैनल तैयार करने और मौजूदा पैनल की समीक्षा और विस्तार के संबंध में अधिसूचना

भारतीय स्टेट बैंक की ओर से, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना का परिसर एवं संपदा विभाग, पटना मंडल के लिए ₹15 करोड़ तक की श्रेणी में सिविल / इंटीरियर कार्यों, ₹ 5 करोड़ तक की लागत वाले इलेक्ट्रिकल कार्यों और ₹ 20 लाख तक की लागत वाले हॉर्टिकल्चर कार्यों के लिए ठेकेदारों का पैनल तैयार करने तथा और मौजूदा पैनल की समीक्षा व विस्तार करने के लिए प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों, फर्मों / व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है।
पात्रता मानदंडों सहित संपूर्ण आवेदन बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/sbi-in-the-news/procurement-news से दिनांक 07.11.2026 से डाउनलोड कर सकते हैं। सहायक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 07.12.2026 को 15:00 बजे तक है।
इस संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र / परिशिष्ट होगा, तो वह केवल बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
स्थान : पटना, दिनांक : 07.11.2026 सहायक महाप्रबंधक (परिसर एवं संपदा)

यूको बैंक UCO BANK
भारत सरकार का उपक्रम (A Govt. of India Undertaking)
Honours Your Trust
अंचल कार्यालय
सैनिक मार्केट, मेन रोड,
रांची-834001, दूरभाष : 0651-2330642

परिशिष्ट-IV-ए [नियम 8(6) के उपबंध देखें]
अचल सम्पति के विक्रय हेतु विक्रय सूचना
नीलामी की तिथि : 26.11.2026, पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 05:00 के मध्य

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई -नीलामी विक्रय सूचना

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति - दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार **यूको बैंक** के पास गिरवी है, का रचनात्मक कब्जा प्रतिभूत लेनदार **यूको बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित उधार लेने वालों और प्रत्याभूति दाताओं से प्रतिभूत लेनदार की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक 26.11.2026 को बेचा जायेगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि निम्नवर्णित है :

क्रं सं	शाखा का नाम, उधारकर्ता और देय राशि	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य, ईएमडी और संपर्क व्यक्ति
01	**प्रधानकांटा शाखा** **उधारकर्ता : श्री नंदजी पांडेय,** पिता – स्वर्गीय गणेश जी पांडेय, पता – ग्राम – कुम्हारपट्टी, मनियाटांड, पोस्ट – धनबाद, जिला – धनबाद, पिन कोड – 828106 **₹ 6,88,314/-** (रुपये छह लाख अठासी हजार तीन सौ चौदह मात्र), दिनांक 30.08.2006 तक गणना की गई राशि, साथ ही अप्रयुक्त ब्याज, प्रभार, लागत एवं अन्य खर्चे आदि।	1. अनुसूची : 1. स्वर्गीय नंदजी पांडेय, पिता – स्वर्गीय गणेश पांडेय के नाम से दर्ज 6.60 डिसमिल माप की भूमि का समतुल्य बंधक (Equitable Mortgage), जो सुगियाडीह, लेमन चिली के पीछे, भुईफोड़-हीरक रोड, मौजा – आमाघाटा, मौजा संख्या – 09, खाता संख्या – 05, प्लॉट संख्या – 169, जिला – धनबाद में स्थित है। उक्त भूमि का टाइटल डीड संख्या – 2958, दिनांक 15.04.2006 है। a) टाइटल डीड संख्या 2958, दिनांक 15.04.2006 b) बंधक संपत्ति के स्वामी का नाम: श्री नंदजी पांडेय, पिता – स्वर्गीय श्री गणेश जी पांडेय।	₹ 15,25,000.00 ₹ 1,52,500.00 बोली बढ़ोतरी राशि ₹ 10,000.00 **श्री दीपक कुमार विश्वकर्मा संपर्क : 9570212562**
	c) संपत्ति की **चौहद्दी निम्नवत है :** उत्तर: उसी प्लॉट का शेष भाग, दक्षिण: प्लॉट संख्या – 68, पूरब: उसी प्लॉट का शेष भाग, पश्चिम: निज। 2. स्वर्गीय नंदजी पांडेय, पिता – स्वर्गीय गणेश पांडेय के नाम से दर्ज 3.92 डिसमिल माप की भूमि का समतुल्य बंधक (Equitable Mortgage), जो धुहाटांड, कुम्हारपट्टी, मनियाटांड, मौजा – मनियाटांड, मौजा संख्या – 50, खाता संख्या – 12, प्लॉट संख्या – 248, उप-प्लॉट संख्या – 248/भाग, जिला – धनबाद, झारखंड में स्थित है। उक्त भूमि का विक्रय विलेख संख्या – 7988/8202, दिनांक 25.08.2005 है। a) टाइटल डीड संख्या 7988/8202, दिनांक 25.08.2005 b) बंधक संपत्ति के स्वामी का नाम: श्री नंदजी पांडेय, पिता – स्वर्गीय श्री गणेश जी पांडेय। c) संपत्ति की **चौहद्दी निम्नवत है:** उत्तर: गली का रास्ता, दक्षिण: 8 फीट चौड़ी सड़क, पूरब: श्री विश्वनाथ राम, पश्चिम: निज।		
02	**प्रधानकांटा शाखा** **उधारकर्ता : श्रीमती सरबावती देवी,** पति – स्वर्गीय नंदजी पांडेय, पता – कुम्हारपट्टी, मनियाटांड, पोस्ट – धनबाद, जिला – धनबाद, पिन कोड – 828106 **₹ 14,93,968/-** (रुपये चौदह लाख तिरानवे हजार नौ सौ अड़सठ मात्र), दिनांक 30.06.2014 तक गणना की गई राशि, साथ ही अप्रयुक्त ब्याज, प्रभार, लागत एवं अन्य खर्चे आदि।	1. अनुसूची : श्री नंदजी पांडेय, पिता – स्वर्गीय श्री गणेश पांडेय के नाम से दर्ज 5.78 डिसमिल माप की भूमि का समतुल्य बंधक, जो मौजा – आमाघाटा, मौजा संख्या – 09, खाता संख्या – 05, प्लॉट संख्या – 169 में स्थित है। उक्त भूमि का टाइटल डीड संख्या – 10074, दिनांक 11.11.2005 है। a) टाइटल डीड संख्या 10074, दिनांक 11.11.2005 b) बंधक संपत्ति के स्वामी का नाम: श्री नंदजी पांडेय, पिता – स्वर्गीय श्री गणेश जी पांडेय। c) संपत्ति की **चौहद्दी निम्नवत है :** उत्तर: प्लॉट संख्या –	₹ 17,20,000.00 ₹ 1,72,000.00 बोली बढ़ोतरी राशि ₹ 10,000.00 **श्री दीपक कुमार विश्वकर्मा संपर्क : 9570212562**
	168, दक्षिण: प्लॉट संख्या – 161, पूरब: प्लॉट संख्या – 171, पश्चिम: श्रीमती सरबावती देवी की भूमि, जिसका निबंधन उसी दिन अर्थात् 11.11.2005 को हुआ है। 2. श्रीमती सरबावती देवी, पिता – स्वर्गीय ठाकुर तिवारी एवं पति – स्वर्गीय श्री नंदजी पांडेय के नाम से दर्ज 5.78 डिसमिल माप की भूमि का समतुल्य बंधक (Equitable Mortgage), जो मौजा – आमाघाटा, मौजा संख्या – 09, खाता संख्या – 05, प्लॉट संख्या – 169 में स्थित है। उक्त भूमि का टाइटल डीड संख्या – 10075, दिनांक 11.11.2005 है। a) टाइटल डीड संख्या 10074, दिनांक 11.11.2005 b) बंधक संपत्ति की स्वामिनी का नाम: श्रीमती सरबावती देवी, पिता – स्वर्गीय ठाकुर तिवारी एवं पति – स्वर्गीय श्री नंदजी पांडेय। c) संपत्ति की **चौहद्दी निम्नवत है :** उत्तर: प्लॉट संख्या – 168, दक्षिण: प्लॉट संख्या – 161, पूरब: श्री नंदजी पांडेय की भूमि, जिसका निबंधन उसी दिन अर्थात् 11.11.2005 को हुआ है, पश्चिम: विक्रेता का स्वयं का हिस्सा (अर्थात् प्लॉट संख्या – 169 का भाग)।		

बैंक को ज्ञात ऋणभार : बैंक को ज्ञात नहीं
विक्रय के निबंधन और शर्तों के बारे के लिए https://baanknet.com एवं www.uco.bank.in पर लॉगिन करें।
दिनांक: 07.11.2026
स्थान : धनबाद
विवाद/ त्रुटि की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
ह०/-
प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

जयपुर–आसनसोल			(09719) (09720)	आसनसोल–जयपुर		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
07.11.26	–	12.45 ↓	जयपुर	03.30	–	10.11.26
	18.40	18.42	टूण्डला	20.55	21.00	
08.11.26	09.00	09.10	पटना	05.10	05.20	09.11.26
	11.55	11.57	किऊल	01.18	01.20	
	14.58	15.00	जसीडीह	23.18	23.20	08.11.26
	18.30	–	आसनसोल ↑	–	21.00	

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे

भारतीय स्टेट बैंक
ए०एम०सी०सी० बोकारो (62852)
वाहन की बिक्री के लिए ई-नीलामी (दिनांक- (02.12.2026) हेतु सार्वजनिक सूचना

भारतीय स्टेट बैंक ने हमारी शाखा के ऋण खाते में बंधक समझौते के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया, जिसमें बैंक की देनदारियों की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" तथा "यहां जो कुछ भी है" के आधार पर उन्हें बेचने का अधिकार था।

क्र. सं.	कर्जदार का नाम	निर्माता	मॉडल	पंजीकरण की तिथि	पंजीकरण सं.	आरक्षित मूल्य (रु.)	संपत्ति आईडी
1.	शुभम कुमार	टेरा मोटर्स इंडिया प्रा.लि.	E-Rickshaw (P)-3WT	23.07.2024	JH09BG8594	रु.54000/-	SBIN43101583534
2.	राजु सिंह	टेरा मोटर्स इंडिया प्रा.लि.	E-Rickshaw (P) Y4A	28.02.2024	JH09BF3458	रु.27000/-	SBIN42687188942
3.	श्रीकांत चौधरी	टेरा मोटर्स इंडिया प्रा.लि.	E-Rickshaw(P)Cargo Pace	16.06.2024	JH09BG3895	रु.49500/-	SBIN42790264120
4.	रिंटु कुमार	टेरा मोटर्स इंडिया प्रा.लि.	E-Rickshaw (P)-Y4A	29.02.2024	JH09BF8004	रु.54000/-	SBIN42699625968

ई-नीलामी की नियम एवं शर्तें:-
1. ई-नीलामी की तिथि: **02.12.2026 (बुधवार),** समय: प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनट के विस्तार के साथ।
2. ई-नीलामी पोर्टल/वेबसाइट: https://baanknet.com के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
3. बोलीदाताओं को अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का उपयोग करके इस पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इसके अलावा, उन्हें आवश्यक केवाईसी दस्तावेज भी अपलोड करने होंगे।
एक बार केवाईसी दस्तावेजों का सत्यापन हो जाने पर (इसमें 2 कार्यदिवस लग सकते हैं), बोलीदाताओं को समय पर ईएमडी राशि को एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरित करना होगा।
4. सफल बोलीदाता को पहले से भुगतान की गई अग्रिम राशि समायोजित करने के बाद, बिक्री मूल्य का 10% तुरंत, अर्थात उसी दिन या अगले कार्यदिवस से पहले जमा करना होगा। बिक्री मूल्य का शेष 90% बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पहले देय होगा।
5. बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली/नीलामी प्रक्रिया को रद्द/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
6. संपत्ति से संबंधित पूछताछ/सत्यापन के लिए मोबाइल नंबर: 8779383236, 8210418035, 7667985272 संपर्क का समय: सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी से पहले कार्यालय समय के दौरान (1) ग्राम- रानी पोखर, सेक्टर-9, निकट हरि मंदिर, बोकारो, (2) सियाडा जगदम्बा मंदिर के पीछे, बोकारो, (3) प्रभात कॉलोनी, चास, बोकारो में व्यक्तिगत रूप से संपत्ति का सत्यापन करें।
7. जीएसटी लागू।
8. वाहन के पंजीकरण लागत/बकाया राशि का व्यय बैंक से बिक्री प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद सफल बोलीदाताओं द्वारा वहन किया जाएगा।
9. आरक्षित मूल्य जीएसटी को छोड़कर।

दिनांक: 08.11.2026
स्थान: बोकारो
हस्ता०/- (प्राधिकृत अधिकारी)
भारतीय स्टेट बैंक, ए०एम०सी०सी० बोकारो

Scanned with OKEN Scanner